1. **अलैंगिक जनन में संतति किसके समान होती है?**
   A. भिन्न जीव के समान
   B. केवल पिता के समान
   C. माता-पिता दोनों के समान
   D. माता-पिता के समान आनुवंशिक (D)

व्याख्या : अलैंगिक जनन में संतति आनुवंशिक रूप से अपने जनक के समान होती है क्योंकि यह एक ही जीव से उत्पन्न होती है।

2. **मुकुलन द्वारा जनन किस जीव में पाया जाता है?**
   A. अमीबा
   B. हाइड्रा
   C. प्लाज्मोडियम
   D. लेस्मानिया (B)

व्याख्या : हाइड्रा जैसे जीवों में मुकुलन की प्रक्रिया द्वारा नया जीव उत्पन्न होता है।

3. **लेस्मानिया में द्विखंडन किस प्रकार होता है?**
   A. किसी भी दिशा में
   B. यादृच्छिक रूप से
   C. एक निश्चित तल से
   D. कोई विभाजन नहीं होता (C)

व्याख्या : लेस्मानिया की शरीर रचना विशिष्ट होती है, जिससे द्विखंडन एक निश्चित तल से ही संभव होता है।

4. **प्लाज्मोडियम में जनन किस विधि से होता है?**
   A. मुकुलन
   B. पुनरुद्भवन
   C. बहुखंडन
   D. बीजाणु समासंघ (C)

व्याख्या : प्लाज्मोडियम जैसे एककोशिकीय जीव बहुखंडन विधि से संतान उत्पन्न करते हैं, जिसमें एक साथ अनेक कोशिकाएं बनती हैं।

5. **स्पाइरोगाइरा में जनन किस विधि से होता है?**
   A. मुकुलन
   B. खंडन
   C. द्विखंडन
   D. बीजाणु समासंघ (B)

व्याख्या : स्पाइरोगाइरा जैसे सरल बहुकोशिकीय जीव खंडन की प्रक्रिया से विभाजित होकर नए जीवों का निर्माण करते हैं।

6. **बीजाणुओं की विशेषता क्या होती है?**
   A. भारी और गतिहीन होते हैं
   B. हल्के होते हैं और आसानी से फैलते हैं
   C. निष्क्रिय होते हैं
   D. केवल भूमि में पाए जाते हैं (B)

व्याख्या : बीजाणु हल्के होते हैं, जो हवा में उड़कर फैल सकते हैं और अनुकूल परिस्थितियों में वृद्धि करते हैं।

7. **प्लेनारिया में जनन किस विधि से होता है?**
   A. द्विखंडन
   B. खंडन
   C. पुनरुद्भवन
   D. ऊतक संवर्द्धन (C)

व्याख्या : प्लेनारिया जैसे जीव अपने शरीर के किसी भाग से पुनरुद्भवन कर सकते हैं और नया जीव बना सकते हैं।

8. **गन्ना, गुलाब और ब्रायोफिलम में जनन किस विधि से होता है?**
   A. बीजाणु समासंघ
   B. खंडन
   C. कायिक प्रवर्धन
   D. मुकुलन (C)

व्याख्या : इन पौधों में तना, पत्ती या जड़ जैसे भागों से नया पौधा उत्पन्न होता है, जिसे कायिक प्रवर्धन कहते हैं।

9. **ऊतक संवर्धन तकनीक का प्रमुख उपयोग क्या है?**
   A. बीज उत्पादन
   B. बीज उत्पादन
   C. सजावटी पौधों की संवर्धन
   D. बीजाणु निर्माण (C)

व्याख्या : ऊतक संवर्धन तकनीक का प्रमुख उपयोग सजावटी पौधों के बड़े पैमाने पर संवर्धन के लिए किया जाता है।

10. **बहुखंडन और द्विखंडन में मुख्य अंतर क्या है?**
    A. एक में कोशिका नहीं बनती
    B. बहुखंडन में कई कोशिकाएं बनती हैं, द्विखंडन में दो
    C. दोनों समान प्रक्रिया हैं
    D. दोनों में कोशिका नहीं विभाजित होती (B)

व्याख्या : : द्विखंडन में एक जीव दो भागों में विभाजित होता है, जबकि बहुखंडन में एक साथ कई संतति कोशिकाएं बनती हैं।

मिशन ज्ञान
जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App